>

Title: Need to ensure inauguration/stone laying ceremony of Central Government development projects by the Member of Parliament of the area.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): मैं आपका ध्यान सांसदों के अपने क्षेत्र के अन्दर मान-सम्मान की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के शिलान्यास/उद्घाटन के संबंध में केन्द्र सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि स्थानीय सांसदों के द्वारा ही शिलान्यास एवं उद्घाटन आदि कराएं जाएं, लेकिन अल्पसंख्यक मंत्रालय के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के शिलान्यास/उद्घाटन के समय स्थानीय सांसद की उपेक्षा की जा रही है। भारत सरकार के मल्टी सैक्टोरल डेवलप्मेंट प्लान के अंतर्गत मेरे लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी जनपद के लिए 4 राजकीय इंटर कॉलेज एवं राजकीय आई.टी.आई. में 1 बालक तथा 1 बालिका छात्रावास भवन स्वीकृत हुआ था, जिसका दिनांक 2-6-11 को बाराबंकी जनपद में अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, बाराबंकी के तत्वावधान में उद्घाटन करा दिया गया लेकिन स्थानीय सांसद को आमंत्रित नहीं किया गया।

अतः आपसे अनुरोध है कि सभी राज्य सरकारों को निर्देशित करने का कष्ट करें कि केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत सभी योजनाओं के उद्घाटन/िशलान्यास स्थानीय सांसद द्वारा कराये जाएं। यह भी आदेश दिए जाएं कि भारत सरकार की सभी योजनाओं की समीक्षा जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति के द्वारा की जाएगी।